

## 52 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शिवपुरी.** मध्यप्रदेश की शिवपुरी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामले में राजस्थान के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. देहात थाना पुलिस ने निकट के ग्राम बिलोकलां गांव के पास से लगभग 52 लाख रुपए की स्मैक के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है.पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपी की पहचान राजस्थान के झालावाड़ के पाटरी निवासी नानूराम (38) के तौर पर हुई है. उसके पास से लगभग 255 ग्राम स्मैक बरामद हुई है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूरे जिले में अवैध नशीले पदार्थों के सौदागरों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है.

# सड़क दुर्घटना में 4 गुजराती कलाकारों की मौत



**शिवपुरी,16 अगस्त. शिवपुरी में आज सुबह भीषण हादसा हो गया. सुरवाया थाना क्षेत्र के कोटा झांसी नेशनल हाईवे पर ट्रेवल कार और ट्रक की भिड़ंत हो गई. हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई. जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए.**

एनएच-46 पर ट्रेवलर मिनी बस डिवाइडर पार कर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी. इस दर्दनाक दुर्घटना में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हैं. घटना शनिवार सुबह हुई. गुजरात के मेहसाना और सुरेंद्रनगर जिले के रहने वाले करीब 20 म्यूजिशियन सदस्य काशी विश्वनाथ में आयोजित शिवकथा कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के बाद वापस लौट रहे थे. जैसे ही ट्रेवलर बस सुरवाया थाना क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी लेन में पहुंचकर ट्रक से भिड़ गई. हादसे में चार लोगों की मौत हो गई. जबकि 7 लोग घायल हो गए.

### नागपुर-रायपुर हाईवे पर बड़ा हादसा

**इंदौर.** नागपुर-रायपुर हाईवे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसने कई परिवारों को गहरे शोक में डाल दिया. इस भीषण दुर्घटना में इंदौर स्थित रिलायंस इंश्योरेंस कंपनी के छह कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में जान गंवाने वालों में इंदौर के तीन युवक शामिल हैं, जबकि एक-एक युवक रतलाम, धार और ओडिशा से था. सभी मृतक कंपनी में कार्यरत थे और साथ में धार्मिक यात्रा पर निकले थे. मृतकों की पहचान अभी औपचारिक रूप से नहीं की गई है, लेकिन परिजनों को सूचना दे दी गई है. पुलिस ने बताया कि वाहन अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और सभी यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई.

# 2.5 लाख युवाओं को 5 साल में सरकारी नौकरी : मुख्यमंत्री

**भोपाल.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रदेशवासियों ने उत्साह और उमंग के साथ 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया. मुख्यमंत्री ने राजधानी के लाल परेड ग्राउंड पर ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली.**

उन्होंने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना है. सीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को उसकी ही भाषा में करारा जवाब दिया है. यह पूरी दुनिया के सामने भारत की शक्ति का प्रमाण है.

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1.52 लाख रुपये तक पहुंच गई है. अगले पांच वर्षों में 2.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियों का अवसर मिलेगा. उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत 8 लाख से अधिक लाभार्थियों को 50 हजार तक ऋण सहायता दी गई है.कृषि क्षेत्र की योजनाओं का उल्लेख करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रमाणित जैविक खेती क्षेत्र है.14 लाख किसानों को फसल बीमा की राशि 1,383 करोड़ रुपये दी गई है.उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में 32 लाख किसानों को सोलर पंप दिए जाएंगे और 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी.

औद्योगिक विकास की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदसौर में 3,812 करोड़ रुपये के निवेश वाली 11 औद्योगिक इकाइयों का शुभारंभ और शिलान्यास हुआ है.

## भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म के पथ पर अडिग रहना सिखाया : सीएम

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व की बधाई दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण हमें जीवन की कठिनाइयों में भी मुस्कुराना सिखाते हैं, जिनको कोई तृष्णा नहीं, उनका नाम ही श्रीकृष्णा है.**

भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अनेक कष्ट और संघर्षों से भरा रहा, फिर भी वे अपने कर्त्तव्य से विमुख नहीं हुए. उनका जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी है. उन्होंने एक ओर जहां कालिया नाग को काबू में करके उसके फन पर नृत्य कर जीवन के कठिन से कठिन समय में मुस्कुराना सिखाया, वहीं दूसरी ओर कंस जैसे दुराचारी और अत्याचारी को उसके घर में मारकर साहस और वीरता के लिए प्रेरित किया. अत्याचारों के विरूद्ध उनकी वीरोचित भूमिका आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव पाथेय रहेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी संदेश में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के भीषण युद्ध के बीच कर्मवाद के सिद्धांत से बताया कि चाहे कैसी भी विकट परिस्थिति हो, हमें बुद्धि और धैर्य का परिचय देते हुए सदैव कर्म और धर्म के सद्मार्ग पर अडिग रहना चाहिए.

## मध्यप्रदेश कांग्रेस के नए जिलाध्यक्षों की सूची

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल शहरी | प्रवीण सक्सेना | छिंदवाड़ा | विश्वनाथ ओखटे | पांढुर्ना | जतिन उइके |
| भोपाल ग्रामीण | अनोखी मानसिंह पटेल | दमोह | मानक पटेल | पन्ना | अनीस खान |
| इंदौर शहर | चिंटू चौकसे | दतिया | अशोक दांगी | रायसेन | देवेंद्र पटेल |
| इंदौर ग्रामीण | विपिन वानखेड़े | देवास | प्रयास गौतम | राजगढ़ | प्रियव्रत सिंह |
| ग्वालियर | सुरेंद्र यादव | धार | स्वतंत्र जोशी | रतलाम | हर्ष विजय गहलोत |
| जबलपुर | सौरभ नाती शर्मा | डिंडोरी | ओमकार सिंह मरकाम | रीवा | अशोक पटेल |
| नर्मदापुरम | शिवकांत पांडे | गुना | जयवर्धन सिंह | सागर | महेश जाटव |
| विदिशा | मोहित रघुवंशी | झाबुआ | प्रकाश रांका | सतना | सिद्धार्थ कुशवाह |
| हरदा | मोहन साय | कटनी ग्रामीण | कुंवर सौरभ सिंह | सीहोर | राजीव गुजराती |
| आगरमालवा | विजयलक्ष्मी तंवर | खंडवा | प्रतिभा रघुवंशी | सिवनी | नरेश मरवाई |
| अलीराजपुर | मुकेश पटेल | खरगोन | रवि नायक | शहडोल | अजय अवस्थी |
| अनूपपुर | मुकेश कुमार | मैहर | धर्मेश घई | शाजापुर | नरेश्वर प्रताप सिंह |
| अशोकनगर | राजेंद्र कुशवाह | मंडला | डॉ. अशोक मर्सकोले | श्योपुर | मांगीलाल बैरवा |
| बालाघाट | संजय उइके | मंदसौर | महेंद्र सिंह गुर्जर | सीधी | ज्ञान प्रताप सिंह |
| बड़वानी | नानेश चौधरी | मऊगंज | हीरालाल कोल | सिंगरौली | प्रवीण सिंह चौहान |
| बैतूल | निलय डागा | मुरैना | गजेंद्र जाटव | टीकमगढ़ | नवीन साहू |
| भिंड | धर्मेंद्र भदौरिया | नरसिंहपुर | सुनीता पटेल | उज्जैन ग्रामीण | महेश परमार |
| बुरहानपुर | हर्ष रिंकू | नीमच | तरुण बाहेती | उमरिया | विजय कुमार कोल |
| छतरपुर | गगन यादव | निवाड़ी | राजेश यादव | | |



## गौतम परिवार संग महाकाल की भस्मारती में शामिल

**उज्जैन, 16 अगस्त. भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी, हेड कोच और लोकसभा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर शुक्रवार तड़के सपरिवार उज्जैन पहुंचे और बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए.उनके साथ अभिनेत्री और गायिका सोनल चौहान भी आरती में शामिल हुईं.**

गंभीर अपनी पत्नी नताशा जैन और दोनों बेटियों के साथ नंदी हॉल में बैठे और करीब दो घंटे तक भगवान महाकाल की भक्ति की.इसके बाद उन्होंने मंदिर की देहरी से दर्शन कर नंदी पर जल अर्पित किया.

# डीआरएम ने किया बीना-रुठियाई रेलखंड का दौरा

## स्टेशनों पर अमृत भारत योजना और व्यवस्थाओं की समीक्षा की

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त. पमरे भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने शनिवार को दौरा किया. निरीक्षण अभियान के चरण में बीना से रुठियाई के मध्य रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग के कार्यों को त्यागी ने इस दौरान परखा.**



निरीक्षण का उद्देश्य इस प्रमुख रेलखंड में संरक्षा मानकों, ट्रैक की स्थिति, परिचालन व्यवस्था एवं निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करना रहा. निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से ट्रैक की समरूपता, सिग्नलिंग व्यवस्था, समपार फाटक, जल निकासी, कटाव रोधी कार्यों एवं संरचना की स्थिति का गहन अवलोकन किया. उन्होंने मार्ग में निरीक्षण करते हुए तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध अनुरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.


अशोकनगर स्टेशन पर उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की स्थिति का अवलोकन किया.

> गुना स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान स्टेशन यार्ड की संरचना, पैनल रूम, सिग्नलिंग प्रणाली, साफ-सफाई, प्रतीक्षालय एवं जनसुविधाओं का मूल्यांकन किया गया. साथ ही मंडल रेल प्रबंधक द्वारा क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम का भी निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने लोको पायलट एवं गार्ड्स के लिए उपलब्ध विश्राम सुविधा, स्वच्छता, भोजन एवं अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया.

# ग्वालियर एयरपोर्ट : हादसा टला

**474** बोइंग फ्लाइट लैंडिंग के दौरान लड़खड़ाया

**150** यात्रियों की जान अटकी




**ग्वालियर,16 अगस्त. महाराज पुरा एयरपोर्ट पर आज दोपहर बड़ा हादसा टल गया. एयर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे प्लेन की लैंडिंग में दिक्कत आने लगी. प्लेन में हड़कंप मच गया.**

बताया जा रहा है कि लैंडिंग के समय फ्लाइट अचानक झटके खाने लगी, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई. यह प्लेन बंगलुरु से ग्वालियर आ रहा था. लैंडिंग के समय ही इसमें तकनीकी खामी आ गई.

हालांकि, पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को पहले प्रयास में सुरक्षित नहीं उतारा. फिर दूसरे अटेम्प्ट में सुरक्षित लैंडिंग कराई जा सकी. प्लेन की लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत की सांस तो ली, लेकिन एयरलाइन की सर्विस पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए. यात्रियों का आरोप है कि तकनीकी खामी के चलते उनकी जान जोखिम में थी और विमान कंपनी ने सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही बरती है.

# जंगली हाथी का आतंक, लोगों में दहशत

**वन विभाग ने जारी किया अलर्ट**
**कच्चे घर में तोड़फोड़ की**
**सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के कच्चे घर खाली कराए**



**शहडोल,16 अगस्त. ब्यौहारी नगर और आसपास के क्षेत्र में बीते दो दिनों से एक जंगली हाथी के विचरण से दहशत का माहौल बना हुआ है. गुरुवार देर रात यह हाथी ब्यौहारी-शहडोल मार्ग पर आ पहुंचा और वन विहार ढाबा व एमपीटी रेस्टोरेंट के पास दिखाई दिया.**

अचानक हाथी को देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई. इसी दौरान हाथी एक कच्चे घर में घुस गया और तोड़फोड़ कर दी. घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं. सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के कच्चे घर खाली कराए गए और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया. हाथी की मूवमेंट को देखते हुए देर रात शहडोल-रीवा मार्ग को भी कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा.

### पूरी रात गश्त करती रहीं टीमें

> गोदावल रेंजर रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि हाथी की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. इसकी वजह से शहडोल-रीवा मार्ग को दो बार रोकना पड़ा. वन विभाग की टीमें रातभर गश्त करती रहीं. क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया गया है और मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने की अपील की जा रही है. डर के चलते कई परिवार पूरी रात जागते रहे. लोगों को सलाह दी गई है कि वे अंधेरे में अकेले बाहर न निकलें, घरों के आसपास रोशनी रखें. हाथी को उकसाने से बचें और देर रात खेतों में काम न करें. किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या वन विभाग को सूचना देने को कहा गया है.

## कोचिंग संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**बड़वानी.**मुख्यालय पर आदिवासी संगठनों के धरने के बाद इंदौर निवासी एक कोचिंग क्लास के संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है. पुलिस ने बड़वानी निवासी सीमा वास्कले की शिकायत पर इंदौर की न्यू अतुल्य अकैडमी के डायरेक्टर गोपाल प्रजापत के खिलाफ बीएनएस की धारा 352 और 353(2) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है. गोपाल प्रजापत ने अपनी फेसबुक आईडी से भील और भिलाला जाति के सम्बंध में एक पोस्ट शेयर की थी. इसके खिलाफ आदिवासी संगठन कोतवाली परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे. प्रदर्शन में जयस राष्ट्रीय प्रभारी सीमा वास्कले, जिला अध्यक्ष संदीप सोलंकी, भील समाज से जुड़े अन्य पदाधिकारी शामिल थे.

# लगातार होती रहेगी कई जिलों में तेज बारिश

**▸ बुरहानपुर, खंडवा और खरगोन जिले अलर्ट पर**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त. मप्र में मानसून के सक्रिय होने से बारिश का दौर जारी है. प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश से इलाके जलबतर हो रहे हैं. रविवार को भी अधिकांश जिलों में बारिश के आसार बने हैं.**




मौसम विभाग ने बुरहानपुर, खंडवा और खरगोन जिलों में मूसलाधार बारिश के होने के संकेत दिए हैं. इन जिलों में अति बारिश की संभावना को देखते हुए आरेज अलर्ट जारी किया गया है. इसके साथ ही आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना को देखते हुए जलस्त्रोतों वाले स्थलों पर भी अलर्ट जारी किया गया है. शनिवार के दिन भी बैतूल, बुरहानपुर, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, देवास, खंडवा, हरदा सहित जिलों में बारिश हुई. रविवार को नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, भोपाल, इंदौर, विदिशा सहित जिलों में पानी गिरने का अनुमान लगाया गया है.

वर्तमान में मानसून टूफ, माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, गुना, बैतूल, दक्षिण छत्तीसगढ़ पर बने निम्न दाब क्षेत्र के केंद्र, विशाखापत्तनम से होते हुए पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है.

> एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण, पूर्वोत्तर अरब सागर और संलग्न दक्षिण गुजरात, कोंकण एवं गोवा पर माध्य समुद्र तल से 1.5 से 3.1 किमी की ऊंचाई के मध्य सक्रिय है.18 अगस्त के आसपास उत्तर-पश्चिमी और संलग्न पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक नया निम्न दाब क्षेत्र बनने की संभावना है. एक टफ पूर्वोत्तर अरब सागर से उत्तरी महाराष्ट होते हुए दक्षिणी छत्तीसगढ़ पर बने निम्न दाब क्षेत्र से जुड़े ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण तक माध्य समुद्र तल से 1.5 से 4.5 किमी की ऊंचाई के मध्य विस्तृत है और ऊँचाई के साथ दक्षिण की ओर झुकी हुई है.

**धार्मिक समागम** ▸ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर पन्ना के भगवान जुगल किशोर मंदिर में विशेष आयोजन

# हीरे-नवरत्न जड़ित गहनों से भगवान का हुआ श्रृंगार



**पन्ना,16 अगस्त. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर पन्ना स्थित भगवान जुगल किशोर मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया. मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कृष्ण पर्व के अंतर्गत जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी को राजशाही जमाने के करोड़ों के हीरे और नवरत्न जड़ित गहनों से सजाया गया.**

मथुरा-वृंदावन से लाई गई विशेष पोशाक पहनाने के बाद जब भगवान युगल किशोर और राधारानी का श्रृंगार पूरा हुआ तो प्रतिमाओं का सौंदर्य देखते ही बन रहा था. सदियों पुराने इन गहनों से श्रृंगार के बाद भगवान की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु लालायित दिखे.दोपहर की आरती और भोग के बाद पट बंद कर दिए गए थे.इसके बाद शाम 3 बजे भगवान को विशेष पोशाक पहनाकर हीरे-नवरत्न जड़ित गहनों से सजाया गया.

जन्माष्टमी महोत्सव के लिए जुगल किशोर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया था. मंदिर का सौंदर्य दूर से ही आकर्षित कर रहा था.दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी.रात में प्रकटोत्सव के समय तो स्थिति ऐसी थी कि मंदिर के अंदर प्रवेश करना मुश्किल हो गया. 'मिनी वृंदावन' कहलाने वाली नगरी पन्ना में जन्माष्टमी के लिए भगवान के वस्त्र और श्रृंगार सामग्री मथुरा-वृंदावन से मंगाई गई.

### मुकुट और गहनों की खासियत

> भगवान युगल किशोर जी के मुकुट में हीरे जड़ित कलगी सजाई गई.सोने की हीरा जड़ित मुरली, दो सोने के बाजूबंद, और दो ब्रेसलेट पहनाए गए — जिनमें से एक में पन्ना रत्न और दूसरे में नवरत्न जड़े हैं.राधारानी को हीरे जड़ी 14 ग्राम वजनी बंदी, साढ़े 13 ग्राम से अधिक वजनी हीरे की नथ, 90 ग्राम सोने की एक जोड़ी पायल, नवरत्न जड़ित मोतियों की माला और दो बाजूबंद पहनाकर श्रृंगार किया गया.

# लोकतंत्र नहीं, दरबार-शाही का प्रदर्शन



**भोपाल,16 अगस्त. कांग्रेस विधायक उमंग सिंघार ने मध्यप्रदेश सरकार पर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को लेकर बड़ा आरोप लगाया है.**

उन्होंने कहा कि इस बार 15 अगस्त लोकतंत्र का नहीं, बल्कि दरबार-शाही का प्रदर्शन रहा. मुख्यमंत्री ने अपने एकाधिकार को और मज़बूत करते हुए मंत्रियों को जिलों में जाकर संदेश वाचन की अनुमति तक नहीं दी. सिंघार ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में एलईडी स्क्रीन लगवाकर मुख्यमंत्री का संदेश भोपाल से सीधा प्रसारित किया गया. मंत्रियों को केवल दर्शक बना दिया गया, जैसे वे सिर्फ़ नाम के हों, काम के नहीं. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब मंत्रियों में इतना भी भरोसा नहीं रहा कि वे जनता तक मुख्यमंत्री का संदेश पहुंचा सकें? कांग्रेस नेता ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा का तथाकथित सशक्त नेतृत्व अब एक व्यक्ति का शासन बन चुका है. यही नया लोकतंत्र है, जहाँ न मंत्री स्वतंत्र हैं और न ही जनता की भागीदारी को महत्व दिया जा रहा है.

### लाड़लियों की सुरक्षा पर खतरा : जीतू पटवारी



**भोपाल.** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि बालाघाट से सामने आई एक समस्या ने पूरे प्रदेश की स्कूल शिक्षा को कटघरे में खड़ा कर दिया है. पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश के करीब 26 हजार स्कूलों में शौचालय तक नहीं हैं. इनमें 19,498 प्राथमिक और मिडिल स्कूल शामिल हैं, जिनमें से 9,017 स्कूल सिर्फ़ बालिकाओं के लिए हैं. वहीं, 7,010 हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी टॉयलेट नहीं होना बच्चियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है.